हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 8 मई 2026

तापमान
अधिकतम 39 .6 डिग्री
न्यूनतम 18 .8 डिग्री

12 सरकारी स्कूलों में प्रयोगशालाओं से बदल ...



12 दिव्यांगों के लिए हर पोलिंग बूथ पर रहेगी ...



## खबर संक्षेप

### पंचायती भूमि से पेड़ काटने पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव गढ़ी सिकंदरा की पंचायती भूमि पर पेड़ काटने के आरोप में पुलिस ने गांव के फकीरचंद के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी संदीप शर्मा की शिकायत पर दर्ज किया है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव गढ़ी सिकंदरा की पंचायती भूमि पर पेड़ लगे हुए हैं। उसे सूचना मिली थी कि गांव के ही फकीरचंद ने पंचायती भूमि पर खड़े पेड़ को काट लिया है।

### होटल बेचने के नाम पर हड़पे 55 लाख रुपये

**यमुनानगर।** मॉडल टाउन स्थित सेवन सीज होटल को बेचने के नाम पर 55 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी रोहित मलिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह व्यापार बढ़ाने के लिए होटल खरीदना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात यमुनानगर निवासी संजीव शर्मा और उसकी पत्नी आरती शर्मा से हुई। आरोपियों ने खुद को सेवन सीज होटल का मालिक बताते हुए होटल बेचने की बात कही। रोहित ने विश्वास कर 21 अप्रैल से 3 जून 2025 के बीच आरोपियों को अलग-अलग किश्तों में 55 लाख रुपये दे दिए। आरोप है कि रकम लेने के बाद भी आरोपियों ने होटल उसके नाम नहीं कराया। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच कर दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### फैक्ट्री से एल्युमिनियम की 33 प्लेटें चोरी

**यमुनानगर।** गांव कुंजल जट्टान के नजदीक स्थित फैक्ट्री से चोरों ने 33 एल्युमिनियम की प्लेट चोरी कर ली। जिनकी कीमत करीब एक लाख 20 हजार रुपये है। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मॉडल टाउन निवासी अनिल मित्तल ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव कुंजल जट्टान में फैक्ट्री है। तीन मई को देर शाम वह फैक्ट्री से काम खत्म करवा कर घर आ गया था। सुबह जब फैक्ट्री में पहुंचा तो वहां से एल्युमिनियम की प्लेटें गायब मिली। जांच करने पर फैक्ट्री से 33 एल्युमिनियम की प्लेटें चोरी की गई थी। जिनकी कीमत करीब एक लाख 20 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-2 ने कार्रवाई करते हुए भाटिया ब्रदर्स शोरूम व जीवन जोत सिंह की दुकान से इन्वर्टर बैटरी व कॉपर वायर चोरी के मामले में एक अन्य आरोपी को काबू किया। सीआईए-2 निरीक्षक रवि कुमार ने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता राजीव ने 5 अगस्त 2025 को शिकायत दी थी कि आरोपी उसके शोरूम से 8 विंडो एसी व अन्य की दुकान से इनवर्टर, बैटरी तथा कॉपर वायर चोरी करके ले गए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में आरोपी सन्नी वासी पलवल को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपियों से स्विफट गाड़ी, पिकअप गाड़ी, 6 एसी, बैटरी इत्यादि व वारदात में प्रयुक्त अवैध हथियार देसी कट्टा बरामद किया जा चुका है।

### पानीपतः कातिलाना हमलावर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने बबैल रोड के पास युवक पर चाकू व दरात से जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों हरीश उर्फ सुक्का निवासी मनमोहन नगर व साहिल निवासी सैनी कालोनी पानीपत को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी थानेदार फूल कुमार ने दी है।

---

### एचएसआईआईडीसी ने किसानों को दी परियोजना और रजिस्ट्री प्रक्रिया की जानकारी

# 750 एकड़ जमीन पर स्थापित होगी आईएमटी, किसानों को मिलेगा 1.55 करोड़ प्रति एकड़ मुआवजा

- आईएमटी बनने से क्षेत्र में बढ़ेंगे उद्योग, युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर
- डेरा, हमीदपुर, चेचीमाजरा और टोका गांव में स्थापित की जाएगी इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



**शहजादपुर।** शिविर में किसानों को जानकारी देते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र में इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसको लेकर वीरवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एचएसआईआईडीसी के चीफ कोऑर्डिनेटर इंडस्ट्रीज सुनील शर्मा ने किसानों को आईएमटी परियोजना, भूमि रजिस्ट्री प्रक्रिया और लैंड पुलिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि आईएमटी परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। शिविर में बताया कि प्रथम चरण में लगभग 750 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री करवाई जाएगी। किसानों को रजिस्ट्री प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत किसानों की सहमति से की जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का उद्देश्य किसानों के हितों को सुरक्षित रखते हुए क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हाई पॉवर लैंड परचेज कमेटी की बैठक में किसानों की सहमति से जमीन का रेट 1 करोड़ 55 लाख रुपये प्रति एकड़ तय किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को सांझेदार बनाकर विकास की नई कहानी लिख रही है। पिछले 11 वर्षों में प्रदेश में जहां भी जमीन ली वह किसानों की सहमति से ली गई है। नारायणगढ़ में भी यही पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उन्होंने लैंड पुलिंग योजना के बारे में बताया कि इस योजना के माध्यम से किसानों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। क्षेत्र में उद्योगों के आने से रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। जिला परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन पवन गुर्जर तथा पूर्व सरपंच रणधीर सिंह भूरेवाला ने कहा कि आईएमटी की स्थापना से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

### ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से किसानों की सहमति से होगी जमीन खरीद प्रक्रिया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उद्योग और किसान दोनों को साथ लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि किसानों ने इस परियोजना में सहयोग देकर एक सराहनीय कार्य किया है। शिविर में उपस्थित किसान धन्नी राम (चेचीमाजरा), धर्मेंद्र (टोका), श्याम लाल (मुगलमाजरा) और हरदेव सिंह सहित अन्य किसानों ने आईएमटी परियोजना का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। किसानों ने कहा कि इस परियोजना से क्षेत्र में बड़े उद्योग आएंगे, युवाओं को रोजगार मिलेगा और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

---

### यमुनानगर: शादी की खरीदारी करने आए युवक से की थी वारदात

# लूट करने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश को घेराबंदी कर किया गिरफ्तार

- घायल बदमाश मोनू अस्पताल में भर्ती, साथी मदन फरार
- पकड़े गए आरोपी पर पहले से ही 19 आपराधिक मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शादी की खरीदारी करने के लिए यमुनानगर आए युवक से 30 हजार रुपये की लूट करने के मामले में सीआईए वन पुलिस टीम ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की घेराबंदी के दौरान आरोपी अपने साथी के साथ बाइक पर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन बाइक फिसलने से वह घायल हो गया। उसका दूसरा साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी पर पहले से 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं।सीआईए वन इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के गांव रामपुर निवासी महावीर सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी शादी नौ मई को यमुनानगर के लाजपत नगर निवासी युवती से तय हुई है। शादी की तैयारियों के लिए वह 26 अप्रैल को 30 हजार रुपये लेकर यमुनानगर आया था।



**यमुनानगर।** सीआईए पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी बदमाश। फोटो : हरिभूमि

#### दोनों आरोपी किसी अन्य वारदात की फिराक में थे

पीड़ित के अनुसार 27 अप्रैल को वह कैंप क्षेत्र स्थित महाराणा प्रताप चौक के पास पहुंचा था। इसी दौरान दो युवकों ने उसके साथ झगड़ा शुरू कर दिया। आरोप है कि एक युवक ने उसके हाथ पकड़ लिए जबकि दूसरे ने उसकी जेब से 30 हजार रुपये निकाल लिए। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। मामले की जांच कर रही सीआईए वन टीम को बुधवार रात सूचना मिली कि लूट की वारदात में शामिल दोनों आरोपी ससौली रोड के पास किसी अन्य वारदात की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखकर दोनों आरोपी बाइक पर फरार होने लगे, लेकिन तेज रफ्तार में बाइक फिसल गई। हादसे में एक आरोपी घायल हो गया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस ने घायल आरोपी को तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जांच में उसकी टांग में फ्रैक्चर पाया गया। पूछताछ में उसकी पहचान हरिनगर निवासी मोनू उर्फ मुंशी के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पहले से 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, फरार आरोपी की पहचान मदन उर्फ मद्दी के रूप में हुई है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

---

### रायपुर कॉलोनी में देर रात इलाज के दौरान छात्रा ने तोड़ा दम

# आठवीं की छात्रा ने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

- परिजनों ने घर में सब कुछ सामान्य बताया, कारणों का नहीं चल पाया पता
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा मौत का कारण, पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** जहरीला पदार्थ खाने से हुई छात्रा की मौत के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

शहर की रायपुर कॉलोनी में आठवीं कक्षा की छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। छात्रा ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया मृतका के परिजन भी इस बात से अनजान है। परिजनों का कहना है कि घर में सब कुछ सामान्य चल रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतका के पिता फरीद ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी महक आठवीं कक्षा तक पढ़ी हुई है। गत देर शाम परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे। महक भी अपने कमरे में चली गई थी। कुछ समय बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और उसे उल्टियां होने लगी। उसने अपनी लड़की को पास के ही एक क्लिनिक से दवा दिलवाई। लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उसकी तबीयत और ज्यादा खराब होने लगी। वह उसे तुरंत सिविल अस्पताल यमुनानगर लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने महक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे भर्ती कर लिया। महक की हालत नाजुक बनी रही। बुधवार रात करीब दो बजे इलाज के दौरान महक की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजना फरीद ने बताया कि घर पर सब कुछ सामान्य चल रहा था। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि महक ने कौन सा जहरीला पदार्थ खाया और उसने ऐसा कदम क्यों उठाया। परिवार भी इस घटना से पूरी तरह सदमे में है। पुलिस टीम के जांच अधिकारी रमनदीप सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

---

# ट्रैक्टर-ट्राली के पहिये के नीचे आने से व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

नीलोखेड़ी में अंजनथली रोड पर एक व्यक्ति की ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्राली चला रहा चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिजवा दिया है। जानकारी के मुताबिक गांव अंजनथली का रहने वाले लगभग 42 वर्षीय महेन्द्र मेहनत मजदूरी का काम करता था। गुरुवार को जब वह ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली में बैठकर जा रहा था तो ट्रैक्टर-ट्राली ओवरलोड होने के कारण आगे से ऊपर उठ गई, जिससे ट्रैक्टर पर बैठा अंजनथली निवासी महेन्द्र नीचे गिर गया और नीचे गिरते ही वह ट्रैक्टर-ट्राली के पहिये के नीचे दब गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। महेन्द्र का शव बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। हादसे की सूचना जैसे ही परिजनों को पता चली तो वहां चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक के दो बच्चें है और उनकी पत्नी विकलांग है। मृतक महेन्द्र खुद भी विकलांग था जोकि मजदूरी करके अपना घर चलाता था, लेकिन आज जब वह मजदूरी के लिए ट्रैक्टर-ट्राली के साथ गया तो उसी ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरु कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### यूआईईटी के दो छात्रों का इंफोसिस में 11 लाख के पैकेज पर चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) के दो विद्यार्थियों का चयन इंफोसिस लिमिटेड में 11 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है। डीन इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी प्रो. सुनील ढींगरा ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया चार चरणों में हुई, जिसमें एप्टीट्यूड टेस्ट और टेक्निकल राउंड शामिल थे।

सभी चरणों को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग की खुशी दीक्षित और तनमय गोयल का चयन हुआ। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इसे संस्थान की बड़ी उपलब्धि बताया।

# महिला नशा तस्कर को 10 साल की कैद

- 19 जनवरी 2021 में तस्कर को चरस के साथ काबू किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

असिस्टेंट सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट एनडीपीएस योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी की आरोपी मनोरमा उर्फ कलावती पत्नी अमर यादव निवासी आईटीआई कालोनी, बेतिया, जिला पश्चिम चंपारण, बिहार को दोषी करार देते हुए उसे दस साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं जज चौधरी की अदालत ने मनोरमा पर दो लाख रूपये जुर्माना भी किया। जुर्माना नहीं देने पर मनोरमा को दो साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने मनोरमा उर्फ कलावती निवासी अमर यादव निवासी आईटीआई कालोनी, बेतिया, जिला पश्चिम चंपारण, बिहार को 19 जनवरी 2021 को गिरफ्तार किया था। पुलिस टीम ने मनोरमा के पास से एक किलो सत्तर ग्राम चरस बरामद की थी। वहीं मनोरमा के खिलाफ थाना मॉडल टाउन में 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। दूसरी ओर जज चौधरी की अदालत ने मनोरमा को समाज के लिए खतरा मानते हुए उसे दस साल के कठोर कारावास व दो लाख रूपये जुर्माने की सजा दी है।

### पानीपतः सड़क हादसे में टैंकर चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज




**पानीपत।** जीटी रोड पर 21 मार्च को घने कोहरे के कारण हुए भीषण सड़क हादसे में थाना सेक्टर-29 पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। हादसा गांव सिवाह बस स्टैंड के पास हुआ था, जहां दृश्यता शून्य होने के कारण करीब 15 वाहन आपस में टकरा गए थे। इस दुर्घटना में मंडी गोबिंदगढ़ निवासी विक्की सिंह के पिता जोगिंद्र पाल की मौत हो गई, जबकि उनकी मां ज्योति रानी, जीजा प्रभदीप और बेटी नायशा सहित कई लोग घायल हुए थे।

### चेक बाउंस मामलों में पांच आरोपी भगोड़े घोषित, नया मामला दर्ज

**पानीपत।** चेक बाउंस मामलों में पांच आरोपी भगोड़ा घोषित, पुलिस ने दर्ज किया नया केसपानीपत। चेक बाउंस और अन्य वित्तीय मामलों में अदालत में पेश न होने पर कोर्ट ने पांच आरोपियों को भगोड़ा घोषित कर दिया है। इनमें सोनू (बंसी कॉलोनी), प्रवीण और प्रवीण (गांव डिडवाड़ी), रविंद्र (अर्जुन नगर, काबड़ी रोड) और प्रत्यूष त्यागी (हुडा सेक्टर-6, करनाल) शामिल हैं। कोर्ट के आदेश के बाद थाना सिटी पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ एक और मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

---

### 36 वर्षों से महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में सक्रिय भूमिका

#### एमए वूमैन स्टडीज और पीजी डिप्लोमा सहित कई पाठ्यक्रम संचालित

# केयू महिला अध्ययन शोध केंद्र बना महिला सशक्तिकरण का मजबूत मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



महिला अधिकारों के प्रति समाज को किया जा रहा जागरूक

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में महिला अध्ययन शोध केन्द्र महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता तथा सामाजिक न्याय के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कार्य कर रहा है। वर्ष 1989 में स्थापित यह केंद्र पिछले लगभग 36 वर्षों से शिक्षण, शोध, प्रशिक्षण एवं विस्तार गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि केंद्र द्वारा नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप एमए. (वूमैन स्टडीज) एवं पीजी. डिप्लोमा जैसे नियमित पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को लैंगिक मुद्दों की गहन समझ प्रदान की जाती है। केंद्र का उद्देश्य केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक एवं स्थायी परिवर्तन लाना भी है। शोध के क्षेत्र में भी केंद्र ने अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है।

विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूकता, विज्ञान के क्षेत्र में महिला शोधार्थियों की चुनौतियां, जेंडर ऑडिट तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अध्ययन किए गए हैं। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि केंद्र विद्यार्थियों, शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण महिलाओं के लिए नेतृत्व विकास, उद्यमिता कौशल, वित्तीय साक्षरता, कानूनी जागरूकता, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे विषयों पर नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। केन्द्र की निदेशिका प्रो. वनिता ढींगरा ने बताया कि केंद्र की विस्तार गतिविधियों के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर, पोषण जागरूकता अभियान, स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

#### ऐसा समाज निर्मित करना है जहां महिलाओं को समान अवसर मिले

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केंद्र द्वारा नुक्कड़ नाटक, जागरूकता अभियान एवं सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से महिला अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता एवं राजनीतिक सहभागिता जैसे विषयों पर समाज को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र का उद्देश्य ऐसा समाज निर्मित करना है जहां महिलाओं को समान अवसर, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता प्राप्त हो सके। प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि सशक्त नारी, सशक्त समाज केवल एक नारा नहीं, बल्कि महिला अध्ययन शोध केंद्र की अटूट प्रतिबद्धता है।

---

### यमुनानगर के रानीपुर फीडर में ब्रेकडाउन के बाद मरम्मत कार्य के दौरान हुआ हादसा

# बिजली लाइन को ठीक करते समय करंट से एएलएम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के व्यासपुर क्षेत्र के रानीपुर फीडर में ब्रेकडाउन के बाद बिजली लाइन ठीक करते समय करंट लगने से एएलएम की मौत हो गई। मृतक एएलएम जिला कैथल का रहने वाला था और यमुनानगर के व्यासपुर क्षेत्र में बिजली विभाग में कार्यरत था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। मंगलवार का तेज हवा के चलते रानीपुर फीडर में ब्रेकडाउन हो गया था। बुधवार को विभाग द्वारा परमिट जारी होने के बाद लाइन को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया गया। इसी दौरान एएलएम संदीप कुमार फीडर पर चढ़कर जंपर लगाने का काम कर रहे थे। जबकि उनसे आगे की लाइन पर एक अन्य कर्मचारी बसीर कार्य में लगा हुआ था। बताया जा रहा है कि काम के दौरान अचानक लाइन में पीछे से करंट प्रवाहित हो गया। जिससे संदीप कुमार गंभीर रूप से झुलस गए।

करंट का झटका इतना तेज था कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी और पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

खबर संक्षेप



## जनगणना कर्मियों का नागरिक करें सहयोग

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर कार्यालय में जनगणना कार्य में लगे यमुनानगर जोन के सुपरवाइजरों व अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इसलिए सभी लोग बिना किसी संकोच के सही व पूर्ण जानकारी दें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में हाउस लिस्टिंग (मकान सूचीकरण) का कार्य जारी है। जिसके तहत प्रगणक घर घर जाकर डाटा एकत्रित कर रहे हैं। आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी प्रगणक उनके घर पहुंचे तो उनका सहयोग करें।

## हनी गर्ग युवा वैश्य समाज के अध्यक्ष

**रादौर।** अग्रवाल युवा वैश्य समाज के सदस्यों की रादौर में आयोजित बैठक में समाज की विधानसभा स्तर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से हनी गर्ग को प्रधान नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता अग्रवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष एडवोकेट पंकज गुप्ता ने की। समाज के अध्यक्ष एडवोकेट पंकज गुप्ता ने बताया कि



अग्रवाल युवा वैश्य समाज की विधानसभा स्तर की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें हनी गर्ग को रादौर विधानसभा स्तर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, ईशांत गर्ग को महासचिव व गौरव गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हनी गर्ग ने सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और सभी को साथ लेकर चलेंगे।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने नशा उन्मूलन अभियान के तहत निकाली रैली

# सड़क पर उतरीं महिलाएं, शराब हटाओ-घर बचाओ का दिया संदेश

### जगाधरी से निकली रैली, दुकानदारों से शराब और तंबाकू न बेचने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के (डीजेजेएस बोध) प्रकल्प के अंतर्गत नशा उन्मूलन अभियान के तहत वीरवार को जगाधरी में रैली निकालकर लोगों को शराब हटाओ घर बचाओं का संदेश दिया। इस दौरान रैली में संस्थान की महिला सदस्यों ने अपने हाथों में नशा को दूर करने से संबंधित स्लोगन लिखी पट्टिकाएं उठा रखी थी।




**यमुनानगर।** जगाधरी में नशा उन्मूलन के तहत रैली निकालतीं दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की महिला सदस्य।

वीरवार सुबह दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की सैंकड़ो महिला सदस्य प्यारा मंदिर के नजदीक नशा के खिलाफ स्लोगन लिखी पट्टिकाएं व बैनर लेकर एकत्र हो गई। इसके बाद संस्थान के हरियाणा प्रमुख स्वामी गुरु ज्ञानानंद ने रैली को रवाना किया। रैली संस्थान के आश्रम से शुरु होकर जगाधरी के विभन्न बाजारों, इंदिरा मार्केट सममेत अन्य स्थानों से होते हुए अंत में नंदलाल परिसर में जाकर संपन्न हुई। इस दौरान महिलाओं ने मुख्य मार्गों से गुजरते हुए दुकानदारों से शराब और तम्बाकू न बेचने की अपील की। उन्होंने परिवारों से भी नशे को घर से दूर रखने की गुहार लगाई। संस्थान के हरियाणा प्रमुख स्वामी गुरु ज्ञानानंद ने बताया कि गुरुदेव आशुतोष महाराज के मार्गदर्शन में हम सिर्फ लोगों को नशा छोड़ने के लिए नहीं कह रहे हैं। बल्कि उन्हें उनके घरों को बचाने की ताकत दे रहे हैं। जब एक मां शराब के खिलाफ आवाज उठाती है तो वह अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित कर रही होती है। कार्यक्रम की शाखा समन्वयक साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने बताया कि संस्थान द्वारा जल्द ही पूरे जिले में स्कूल व कालेज आदि में कार्यक्रम आयोजित कर नशा जैसी बुराई से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाएगा। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग नशे से बच सकें और एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण हो सके।



**यमुनानगर।** रादौर में यूपी के उप मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर लड्डू बांटकर खुशियां मनाते संदीप सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## लड्डू बांटकर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद का मनाया जन्मदिन

■ सैनी समाज रादौर के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सैनी समाज की ओर से वीरवार को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का 58वां जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान लोगों ने लड्डू बांटकर कर अपनी खुशी का इजहार किया।

सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य का जन्म 7 मई 1969 को हुआ था। केशव प्रसाद मौर्य का जन्म कौशाम्बी जनपद के सिराथू में शाक्य वंश के मौर्य परिवार में हुआ में हुआ था। उन्होंने अपने माता पिता के साथ कृषि कार्यों में हाथ बंटाते हुए चाय की दुकान भी चलायी और समाचार पत्र का विक्रय तक किया। केशव प्रसाद मौर्य अपनी जवानी के दिनों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संपर्क में आने के बाद विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और भाजपा के करीब 18 साल तक प्रचारक रहे थे। श्री राम जन्मभूमि, गौ रक्षक व हिंदू हित के लिए अनेकों आंदोलन में वह जेल भी गए हैं। उन्होंने 19 मार्च 2017 को यूपी के उप मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी।



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते क्लब के सदस्य।

### महान देशभक्त थे रविंद्रनाथ टैगोर : सैनी

**रादौर।** अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब रादौर की ओर से वीरवार को राष्ट्रगान के रचयिता रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान सरदार हरजीत सिंह सैनी व सचिव भारत माटिया ने गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की खूबियों से सभी को अवगत करवाया। सैनी व माटिया ने बताया कि गुरू रविंद्रनाथ टैगोर एक महान भारतीय कवि थे। उनका जन्म 7 मई 1861 में कोलकाता के जोर.साँको में हुआ था। इनके माता-पिता का नाम शारदा देवी व महर्षि देवेन्द्रनाथ टैगोर था। टैगोर ने अपनी शिक्षा घर में ही विभिन्न विषयों के निजी शिक्षकों के संरक्षण में ली। कविता लिखने की शुरुआत इन्होंने बहुत कम उम्र में ही कर दी थी। उन्होंने हजारों कविताएँ, लघु कहानियाँ, गाने, निबंध व नाटक आदि लिखे हैं। टैगोर और उनका कार्य पूरे विश्व भर में प्रसिद्ध है। वह पहले ऐसे भारतीय बने जिन्हें अपने महान लेखन गीतांजलि के लिये 1913 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वो एक दर्शनशास्त्री, एक चित्रकार और एक महान देशभक्त भी थे। जिन्होंने हमारे देश के राष्टNगान जन गण मन की रचना की। रबीन्द्रनाथ ठाकुर के नाम से भी जाने जाते थे और गुरुदेव के नाम से अधिक प्रसिद्ध थे। वो एक महान भारतीय कवि थे जिन्होंने देश को कई प्रसिद्ध लेखन दिए। 1902 में शांतिनिकेतन में विश्व भारती यूनिवर्सिटी के संस्थापक थे। जलियाँवाला बाग नरसंहार के खिलाफ एक विरोध में 1919 में ब्रिटिश सरकार द्वारा दिये गये एक अवार्ड नाइटवुड को इन्होंने अपने देश और देशवासियों के प्रति अन्तहीन प्यार के कारण वापस कर दिया। इनका महान लेखन आज भी देश के लोगों को प्रेरणा देता है।

# मुकंदलाल संस्था ने 60 टीबी मरीजों को बांटा राशन

### निक्षय मित्र योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में हुआ कार्यक्रम

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ डॉ. विजय कुमार ने की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मुकंदलाल संस्था द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रादौर में निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों को राशन वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर के एसएमओ डॉ. विजय कुमार ने की। मौके पर मुकंद लाल संस्था के डॉ. अजय शर्मा मौजूद रहे।

एसएमओ डॉ. विजय कुमार ने बताया कि ट्यूबरक्लोसिस को आम बोलचाल की भाषा में टीबी कहते हैं। यह शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित कर सकता है। हालांकि फेफड़ों में होने वाला टीबी सबसे



**यमुनानगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में टीबी मरीजों को राशन वितरित करते मुकंदलाल संस्था के सदस्य।

आम प्रकार का होता है। टीबी की बिमारी के अनेक कारण या लक्षण हो सकते हैं। टीबी होने पर आप खुद में अनेक लक्षणों का अनुभव कर सकते हैं। इसके लक्षण दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी होना। अचानक से वजन का घटना। भूख में कमी आना। शाम के समय बुखार आना। रात को सोते समय ठंडा पसीना आना। बलगम के साथ खून आना आदि लक्षण है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त लक्षणों में से कोई लक्षण अपने शरीर में महसूस होता है या अपने आस पास किसी व्यक्ति में ऐसा कोई लक्षण दिखाई देता है तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर बलगम की जांच अवश्य करवानी चाहिए। सरकार द्वारा टीबी के रोग की जांच व दवाई बिल्कुल निःशुल्क है तथा इसके साथ साथ निक्षय पोषण योजना के तहत एक हजार रुपये की राशि प्रतिमाह सीधे मरीज के बैंक खाते में डाली जाती है। मौके पर मुकंदलाल संस्था के डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि निक्षय मित्र योजना के तहत मुकंद लाल संस्था द्वारा अभी तक 60 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है। जिन्हें राशन वितरित किया गया है। उन्होंने सभी मरीजों से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने व दवाई समय पर लेने का अनुरोध किया। डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि आगामी माह से सभी टीबी मरीजों को राशन दिया जाएगा। ताकि सभी मरीज जल्द से जल्द स्वस्थ हो सकें।

#### मरीजों को लेंगे गोद

संस्था द्वारा आश्वासन दिया गया कि आगामी माह से रादौर ब्लॉक के सभी टीबी मरीजों को गोद लेकर सभी को पौष्टिक आहार दिया जाएगा। जिसकी मदद से टीबी रोगी जल्दी से ठीक हो सकता है। ब्लॉक रादौर को टीबी मुक्त बनाने में स्वास्थ्य विभाग सभी आमजनों से योगदान चाहता है। आप अपने आसपास किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण देखें तो उसे तुरंत जांच के लिए उसे प्रेरित करें। ताकि समय पर जांच होकर यदि टीबी निकलती है तो इलाज शुरू किया जा सके। गत वर्ष में रादौर ब्लॉक के 28 गांवों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। इस अवसर पर डॉ. पल्लवी मार्या संगीता, प्रिंस व संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

# लाडो लक्ष्मी पार्क में महिलाओं ने फूंका स्वच्छता का बिगुल

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने 18 किलो प्लास्टिक वेस्ट किया एकत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे नई सोच नया शहर, स्वच्छ हरियाणा अभियान के तहत वार्ड नंबर 13 के जम्मू कॉलोनी स्थित लाडो लक्ष्मी पार्क में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने नगर निगम की टीम के साथ मिलकर पार्क परिसर में सफाई की। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर चलाए गए अभियान के तहत महिलाओं व निगम की टीम ने पार्क से लगभग 18 किलोग्राम प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित किया।




**यमुनानगर।** जम्मू कॉलोनी स्थित लाडो लक्ष्मी पार्क में प्लास्टिक कचरा एकत्रित करतीं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं।

सफाई अभियान में स्थानीय निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और पार्क को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। लोगों ने स्वयं आगे आकर प्लास्टिक बोतलें, पॉलीथीन और अन्य कचरे को अलग-अलग एकत्रित किया। अभियान के दौरान स्वच्छ भारत मिशन शहरी के विशेषज्ञ आकाश कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सभी नागरिक अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा बनाए रखने में निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरा पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है, इसलिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाने की अपील भी की।

सफाई निरीक्षक अजीत सिंह ने नागरिकों से पार्क की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पार्क सार्वजनिक संपत्ति हैं और इन्हें साफ.सुथरा रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि नागरिक स्वयं जागरूक होकर स्वच्छता का ध्यान रखें तो शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि इस प्रकार के अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं हैं बल्कि इनका मुख्य उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता विकसित करना है।

# इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप में विद्यार्थियों ने लहराया परचम

■ 16 स्वर्ण व 18 रजत समेत कुल 34 पदक जीतकर बने ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप में परचम लहराया। खेलकूद विभाग के अध्यापक विजय कुमार ने बताया कि ड्रैगन मार्शल आर्ट अकादमी अंबाला की ओर से इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप आयोजित की गई। जिसमें ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने 16 स्वर्ण व 18 रजत पदकों के साथ कुल 34 पदक




**यमुनानगर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में खिलाड़ियों को सम्मानित करते अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

जीतकर ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। पदक जीतने वालों में सीरत, प्रिशा, शिवांश, जगदीप, अविक कांबोज, गुरनूर, यश, अनंत चोपड़ा, अर्जुन, अश्मीत, इशू, कविश, नमन, युवराज, कुणाल व आरव भाटी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं अनिक, माही, अनवी, स्नेहा, पार्थ, अंशुमन, गीत, एकमजोत, अगम भाटी, माणिक, राम्या, दीपांशु, दुअंश, ईशान, अद्विक, ध्रुव, भगत राम व अनमोल ने रजत पदक हासिल किया। स्कूल में पहुंचने पर विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने कहा कि स्पर्धा में भाग लेने वाले बच्चे और उनके प्रशिक्षक बधाई के पात्र हैं।

# बाइक सवार युवक ने महिला से छीना पर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पर्स में थे 16 सौ रुपये और जरूरी दस्तावेज, पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर शुरू की जांच

शहर के विष्णु गार्डन में बाइक सवार एक युवक ने महिला के हाथ से पर्स झपट लिया और फरार हो गया। महिला के पर्स में 16 सौ रुपये और जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, विष्णु गार्डन निवासी जसविंदर कौर ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह छह मई को शाम छह बजे के करीब कॉलोनी में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर एक युवक उनके करीब से गुजरा। उनके पास उसने बाइक की स्पीड कम की, लेकिन जब तक वह कुछ समझ पाती आरोपी युवक ने उसके हाथ से पर्स झपट लिया और मौके से फरार हो गया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी भागने में कामयाब हो गया। उसने बताया कि उसके पर्स में 16 सौ रुपये और जरूरी दस्तावेज थे। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के तहत 14 मई को किया जाएगा पूर्वाभ्यास

# समन्वय के साथ सभी विभाग करें मॉक ड्रिल की तैयारी: आहूजा

### जिला अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बाढ़ आपदा के दृष्टिगत जिला में 14 मई को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस पूर्वाभ्यास की तैयारियों को लेकर जिला सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में मॉक ड्रिल को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा। फोटो : हरिभूमि

नवीन आहूजा ने की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय के साथ मॉक ड्रिल अभ्यास की तैयारियां करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि जिला में 14 मई को मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले 12 मई को टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। ताकि संभावित बाढ़ जैसी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इस मॉक ड्रिल के तहत सभी कार्यों एवं तैयारियों को करना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि मॉक ड्रिल को आयोजित करवाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि यदि कोई आपात स्थिति उत्पन्न होती है तो उस समय उस आपदा से निकला जा सकें। इस मॉक ड्रिल के दौरान तमाम गतिविधियां की जाएंगी और डेमो के माध्यम से मॉक ड्रिल को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप संचालित करें। ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकें।

#### राहत व बचाव कार्यों की रखें तैयारी

अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि मॉक ड्रिल के दौरान नदी में पानी के बहाव, शहरी क्षेत्रों में जलभराव, भवनों को क्षति तथा लोगों के फंसने जैसी संभावित परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास किया जाएगा। इसके साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों, राहत शिविरों की स्थापना, घायलों के उपचार, एम्बुलेंस सेवाओं की उपलब्धता, ट्रैफिक प्रबंधन तथा संचार व्यवस्था की प्रभावशीलता का भी परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय को मजबूत रखते हुए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। ताकि आपदा के समय किसी भी स्थिति से निपटा जा सकें। इस अवसर पर एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, डीएसपी कवलजीत सिंह, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता पुनीत मित्तल, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. वागीश गुटेन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जागरूकता शिविरों का किया जा रहा आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशानिर्देशानुसार डीएलएसए द्वारा वैन के माध्यम से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वैन 6 से मई तक ब्लॉक लाडवा में विजिट करेगी। 6 मई को वैन गांव बन, बनी, बपदा, बपदी, 7 मईको गांव बरोंदा, बरोंदी, भुतमाजरा, लाड़वा, 8 मई को बड़शामी, सुरा, जंदेडा, खेड़ी दबलान, 9 मई को गांव गुढा, गुढी, गजलाना, भालड़ में जागरूक करेगी।

### देहदान कर मानवता के लिए पेश की सर्वोच्च मिसाल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के कंग कॉलोनी की निवासी और डेरा सच्चा सौदा की सेवादार कांता इन्सां के शरीर का दान किया गया है। 69 वर्षीय कांता इन्सां के देहांत के बाद उनके परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को मेडिकल शोध के लिए दान किया गया है। उनके शरीर पर लखनऊ के प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस सराय, सहजादी, बंथरा के विद्यार्थी शोध करेंगें। कांता इन्सां का गत देर रात्रि आदेश मेडिकल अस्पताल में ईलाज के दौरान देहांत हो गया था। उन्होने जीते जी डेरा सच्चा सौदा में शरीरदान का फार्म भरा हुआ था।

### नवयुग स्कूल में मनाई रबिंद्र नाथ टैगोर जयंती

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में रबिंद्र नाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के डायरेक्टर श्री बी डी गाबा जी, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी एवं स्टाफ के सभी सदस्यों ने गुरुदेव की प्रतिमा पर पुष्पमाला एवं पुष्प अर्पित किए।

### जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र ने कसोरे किए वितरित

**कुरुक्षेत्र।** जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि.) हरियाणा सदैव समाज सेवा के कार्यों में संलग्न रहता है जिसके तहत जगह-जगह जाकर जरूरतमंद और असहाय जनों एवं पशु पक्षियों की एक कदम आगे बढ़कर सहायता करता है। जन कल्याण मंच के सभी पदाधिकारी पूरे समर्पणभाव से समाजसेवा में जुटे रहते हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पड़ रही भीषण धूप के चलते सेक्टर 4 और 5 में वरिष्ठ नागरिकों को पक्षियों के पानी के लिए कसोरे वितरित किए जिसका उद्देश्य यह है कि पक्षियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए और अपनी-अपनी छतों पर कसोरों मे हररोज पानी भरा जाए।

### भावी पत्रकारों में स्किल्स को बढ़ावा देना मुख्य उदेश्य

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के बीएजेएमसी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया के सानिध्य में प्रिंट डिजाइनिंग पाठ्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न समाचार-पत्रों का प्रकाशन किया है।

# सचखंड श्री हजूर साहिब पहुंचने पर श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई विशेष ट्रेन श्रद्घालुओं को लेकर दशम पातशाह श्रीगुरु गोबिंद सिंह के पावन चरणों से पवित्र स्थल सचखंड श्री हजूर साहिब पहुंची। सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ पहुंचने पर श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ रेलवे स्टेशन सतनाम वाहेगुरु, बोले सो निहाल सत श्री अकाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जयकारे से गूंज उठा। इस ट्रेन से हरियाणा प्रदेश के 9 जिलों से 800 से ज्यादा श्रद्धालु पवित्र धरा पर पहुंचे हैं। सचखंड श्री



हजूर साहिब बोर्ड प्रशासक एवं चेयरमैन सतविंद्र सिंह, अधीक्षक रविंद्र सिंह कपूर सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने कुरुक्षेत्र हरियाणा से पहुंचे सैंकड़ों श्रद्धालुओं का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया और गुलाब के फूलों से वर्षा करके परंपरा अनुसार स्वागत किया। चेयरमैन सतविंद्र सिंह ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से ही हरियाणा के श्रद्धालुओं को तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड के दर्शन करवाए। उन्होंने कहा कि आज जो ट्रेन सचखंड श्री हजूर साहिब पहुंची है। यह दो महान तीर्थ स्थलों के बीच सेतु का काम कर रही है। यह पावन धरा गुरु साहिबान के पावन चरणों से भी अनेक बार पवित्र हुई है। सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ वह पवित्र स्थान है, जहां दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ह्ययोति जोत समाए। वहीं कुरुक्षेत्र को विश्व भर में धर्मक्षेत्र की ख्याति प्राप्त है, जहां भगवान श्रीकृष्ण जी ने मोह ग्रस्त अर्जुन के माध्यम से संसार को गीता का उपदेश देकर जीवन का मार्ग दिखाया।

### डॉक्टरों की टीम ने किया श्रद्धालुओं का चैकअप

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना के तहत सचखंड श्रीहजूर साहिब के लिए कुरुक्षेत्र से गई रेल यात्रा में स्वास्थ्य विभाग कुरुक्षेत्र की टीम भी शामिल हुई। इस टीम में शामिल मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनिंदरजीत सिंह, मेडिकल ऑफिसर डॉ. विप्रा राय, नर्सिंग ऑफिसर जन्नत, नर्सिंग ऑफिसर गीता, नर्सिंग अर्दली रामेश्वर ने ट्रेन में 150 से ज्यादा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। यात्रियों को शुगर, बीपी एवं दर्द निवारक दवाइयां उनकी सीट पर ही उपलब्ध करवाई जा रही है। यात्रा के दौरान डॉक्टरों द्वारा नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यक दवाइयों का वितरण तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित उपचार की व्यवस्था की गई। बुजुर्ग यात्रियों को विशेष प्राथमिकता देते हुए उनकी सेहत पर लगातार निगरानी रखी गई, जिससे यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## नगरपालिका व अग्निशमन विभाग के कर्मियों की हड़ताल जारी

# सरकार के अड़ियल रवैये के कारण कर्मी हड़ताल को मजबूर

- सर्व कर्मचारी संघ के नेताओं ने सरकार पर कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया

*अग्निशमन विभाग के शहीद कर्मचारियों को शहीद का दर्जा और आश्रितों को सरकारी नौकरी देने की मांग की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

नगरपालिका में अग्निशमन विभाग की 27 वें दिन एवं नगर पालिका की 7वें दिन में राज्यव्यापी हड़ताल आज प्रवेश कर गई है ।कर्मचारियों की चल रही हड़ताल को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ पिहोवा ब्लॉक के प्रधान बलवान मोर , ब्लॉक सचिन गुरचरण संधु, पूर्व प्रधान दर्शन सिंह ने संयुक्त रुप से कर्मचारियों की संबोधित हुए कहा कि हरियाणा सरकार का अड़यिल रवैए के कारण कर्मचारियों को हड़ताल करने पर मजबूर होना पड़ा। हरियाणा सरकार को संगठन से बातचीत करके कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान करना चाहिए। यदि समाधान नहीं किया तो हड़ताल को अनिश्चित काल करने पर मजबूर होकर कर्मचारियों को सड़कों पर उतरने पर मजबूर होना पड़ेगा सरकार से मांग की कि अग्निशमन विभाग के जो दो कर्मचारी शहीद हुए हैं, उन्हें शहीद का दर्जा दिया जाए तथा उनके आश्रितों को सरकारी



**पिहोवा।** सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी।

नौकरी प्रदान की जाए। उन्होंने आगे कहा कि 31 दिसंबर को माननीय हाई कोर्ट द्वारा कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर दिए गए फैसले को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। इसके साथ ही ड्यूटी पर तैनात दरोगों को मोटरसाइकिल के पेट्रोल का खर्च दिया जाए। समान काम के लिए समान वेतन लागू करने, कर्मचारियों को उचित सुरक्षा प्रदान करने, डोर टू डोर , डिपर चालक आदि ठेकेदार कर्मचारियों को विभाग के पे रोल पर करने , ठेकेदार कर्मचारियों को तीन महीने से सैलरी नहीं मिली उनको जल्दी सैलरी देने सहित अन्य मांगों को भी जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की।

### हड़ताल को मिला कर्मचारियों का समर्थन

कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर पेहोवा ब्लॉक सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ओर से ब्लॉक प्रधान बलवान मोर एवं ब्लॉक सचिव गुरचरण संधू, पब्लिक हैल्थ से अमरीक सिंह ने भी हड़ताल को अपना समर्थन दिय। मौके पर अग्निशमन विभाग से बलवान व नेकी तथा नगर पालिका से सुनील, दर्शन, मुकेश, रानी, पूजा, ऊषा, कमलेश, बलजीत, रवि, सचिन, पब्लिक हेल्थ से अमरीक सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सार्थक साहित्य मंच ने करवाई काव्यपाठ व भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** समारोह में मंचासीन अतिथिगण।

सार्थक साहित्य मंच (रजि.) द्वारा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के सौजन्य से स्वर्गीय डॉ. शकुंतला शर्मा की स्मृति में काव्यपाठ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी, निदेशक हिंदी एवं हरियाणा प्रकोष्ठ, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. चितरंजन दयाल सिंह कौशल, निदेशक संस्कृत प्रकोष्ठ, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला ने की। विशिष्ट अतिथियों में सुधीर कुमार, डॉ. जय भगवान सिंगला तथा विजय कुमार उपस्थित रहे। स्वर्गीय डॉ. शकुंतला शर्मा के पुत्र रजनीश एवं दिनेश भी विशेष रूप से मौजूद रहे। सार्थक साहित्य मंच के वरिष्ठ सदस्य रतन चंद सरदाना ने डॉ. शकुंतला शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मंच की ओर से उन्हें सबसे वरिष्ठ सदस्य होने के नाते सम्मानित भी किया गया। सार्थक साहित्य मंच की अध्यक्षा डॉ. ममता सूद, उपाध्यक्ष डॉ. बलवान सिंह, सचिव संजय मित्तल, कोषाध्यक्ष हरीश बंसल तथा संयोजिका सुमन बाला बतरा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में काव्यपाठ एवं भाषण प्रतियोगिताओं का संचालन सुचारु रूप से किया गया। प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन हेतु निर्णायक मंडल में डॉ. शशी मित्तल, डॉ. हरि प्रकाश, डॉ. दविंदर बीबीपुरिया, डॉ. पुरुषोत्तम अपराधी, डॉ. अनीता नैन तथा हरदेव शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, भाषा शैली, भावाभिव्यक्ति एवं मंच संचालन क्षमता के आधार पर परिणाम घोषित किए।

### भाषण प्रतियोगिता के परिणाम

कनिष्ठ वर्ग में अग्रसेन पब्लिक स्कूल के राघव ने प्रथम, रिपुदमन पब्लिक स्कूल की अर्पिता ने द्वितीय तथा गीता निकेतन आवासीय विद्यालय की हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार गीता विद्या मंदिर के दीपु दमन तथा कल्पना को प्रदान किया गया। वरिष्ठ वर्ग में गीता विद्या आवासीय विद्यालय की चक्षु ने प्रथम, अग्रसेन पब्लिक स्कूल के रितिक ने द्वितीय तथा डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल की अगमदीप कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल की रवलीन कौर को सांत्वना पुरस्कार मिला। कार्यक्रम के दौरान वेदिता ने यद्यपि प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया, फिर भी उनकी कविता प्रस्तुति की अनूठी शैली ने सभी का मन मोह लिया।

## भाजपा का कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत : विवेक सिंह



**कुरुक्षेत्र।** भाजपा थानेसर मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह ने असम और बंगाल में हुई भाजपा की प्रचंड जीत पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की नीतियों, कार्यशैली और जनहितकारी योजनाओं का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन और कार्यकर्त्ता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और सभी कार्यकत्तार्ओं की मेहनत व समर्पण से ही यह सफलता संभव हो पाई है। विवेक सिंह ने पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्यकत्तार्ओं से आह्वान किया तथा जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं को पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में पंजाब में भी इसी तरह भाजपा प्रचंड जीत दर्ज करेगी।

# केयू में यूजी एवं इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों में दाखिले शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 के लिए विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों (यूटीडी) में संचालित विभिन्न स्नातक, इंटीग्रेटेड एवं अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। विद्यार्थियों के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 मई, 2026 से प्रारंभ की गई है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जिन प्रमुख पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिए जाएंगे उनमें बी.ए. (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन) 4 वर्षीय, बी.ए.-एलएल.बी. (ऑनर्स) 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम, बी.एससी. ग्राफिक्स एंड एनीमेशन 4 वर्षीय, बी.एससी. मल्टीमीडिया 4 वर्षीय, बी.एससी. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, बीबीए (ऑनर्स), बीएचएम एंड सीटी, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए), एमबीए 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रैक्टिस ओरिएंटेड प्रोग्राम, मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (एमपीए) 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम तथा एम.टेक. (एप्लाइड जियोलॉजी) 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम शामिल हैं। इंटीग्रेटेड टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम (आईटीईपी) के अंतर्गत बी.ए. बी.एड., बी.एससी. बी.एड. एवं बी.कॉम. बी.एड. 4 वर्षीय पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश ले सकते हैं।

# विश्व एथलेटिक्स दिवस एवं गुरुदेव रबिंद्र नाथ टैगोर जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र में विश्व एथलेटिक्स दिवस एवं गुरुदेव रबिंद्र नाथ टैगोर जयंती बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक गतिविधियों से हुआ। कक्षा पाँचवीं की छात्रा दीत्या ने गुरुदेव रबिंद्र नाथ टैगोर पर सुंदर कविता प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं कक्षा दसवीं की छात्रा सना ने प्रभावशाली कहानी प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को महान व्यक्तित्वों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के चक दे क्लब के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों का शानदार प्रदर्शन (डेमो) प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और मानसिक विकास को भी बढ़ावा देते हैं। विद्यालय प्राचार्या गीतिका जसूजा ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।



## पुलिस की महिला टीम ने छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा व साइबर सुरक्षा के गुर

**कुरुक्षेत्र।** महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर कुरुक्षेत्र पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने राजकीय स्कूल गांधी नगर, थानेसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर अपराध और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला पुलिस टीम ने छात्राओं को महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के महत्वपूर्ण तरीके भी सिखाए गए ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा कर सकें। सेफ सिटी टीम की कांस्टेबल हरजीत कौर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता गुणवत्ता एवं समयबद्धता करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विरेंद्र चौधरी।

ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा गांवों में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से जिला परिषद कार्यालय में विकास एवं पंचायत विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विरेंद्र चौधरी ने की। वीरवार को पंचायत भवन के सभागार में आयोजित बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन तथा लंबित कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों, एचआरडीएफ, एसएफसी, एफएफसी, महिला चैपाल, शामलात भूमि को पट्टे पर देने की प्रक्रिया, जल निकायों के संवर्धन, लेखा-जोखा पोर्टल तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत किए जा रहे कार्यों पर विशेष चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी विरेंद्र चौधरी ने जन संवाद एवं सीएम विंडो पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निपटान समयबद्ध अवधि में पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों का वास्तविक लाभ लोगों को मिल सके।

## श्रीकृष्ण कृपा जिओ गीता समिति की हुई बैठक

# स्वामी ज्ञानानंद जन्मोत्सव की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में हिस्सा लेते श्रीकृष्ण कृपा जिओ गीता समिति के सदस्य।

पूज्य गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी के पावन जन्मोत्सव (15 मई) एवं राधा जागरण महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली विभिन्न सेवा एवं धार्मिक गतिविधियों की तैयारियों को लेकर आज श्री कृष्ण कृपा समिति, जीओ गीता, कुरुक्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठकमदन मोहन छाबड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रमों को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 मई को गीता ज्ञान संस्थानम्‌ परिसर में मेदांता हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र के सहयोग से प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 13 मई एवं 14 मई को सायंकाल गौशाला प्रांगण में भव्य भजन संध्या एवं भण्डारा प्रसाद का आयोजन होगा। भजन संध्या में भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुजन भजनों का आनंद प्राप्त करेंगे। इसके अतिरिक्त 15 मई को श्री कृष्ण कृपा गौशाला प्रांगण में पूज्य महाराज श्री के करकमलों द्वारा श्री हनुमान जी की मूर्ति की भाव प्रतिष्ठा सम्पन्न करवाई जाएगी। सेवा कार्यों के अंतर्गत 15 मई को एलएनजेपी हॉस्पिटल में मरीजों हेतु फल वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही 14 मई को नया बस स्टैंड एवं 15 मई को पुराना बस स्टैंड, कुरुक्षेत्र में श्रद्धालुओं हेतु भण्डारा एवं मीठे शीतल जल की सेवा लगाई जाएगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर श्री कृष्ण कृपा समिति जीओ गीता कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. ऋषिपाल, मदन मोहन छाबड़ा, मीडिया प्रभारी रामपाल शर्मा, धीरज कुमार वालिया, अशोक अरोड़ा, हंसराज सिंगला, जय नारायण शर्मा, श्याम लाल आहूजा, केके कौशल, अनुराग, डॉ. प्रदीप, साहब सिंह, रविन्द्र कुमार, पवन गुम्बर, डॉ. राजीव गाबा, सुरेन्दर सागवाल, मुकेश कुमार, जोगिन्द्र शर्मा, दीपक आहूजा, अरविन्द जिंदल, राजेन्द्र सिंगला, राजीव बंसल, सुनील धामी, डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. सम्राट, डॉ श्याम लाल, अशोक, विजय नरूला, अशोक कौशल, डॉ. पंकज कौशिक सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 16 ग्राम हेरोइन के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर पुलिस ने नजदीक टांगरी बांध गांव बब्याल से आरोपी को 16 ग्राम 08 मिलिग्राम हेरोइन नशीला पदार्थ सहित काबू किया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर टांगरी बांध गांव बब्याल से आरोपी आशीष कुमार को थ्री व्हीलर में नशा बेचने के लिए ले जाते हुए काबू कर उससे 16 ग्राम 08 मिलिग्राम हेरोइन नशीला पदार्थ बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

### एक्टिवा बरामद, आरोपी को भेजा जेल

**अंबाला।** पुलिस ने एक्टिवा चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू किया है। एवीटी निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला ने 3 अप्रैल 2026 को शिकायत दी थी कि 2 मार्च 2026 को व्हाइट एक्सपर्ट इमीग्रेशन के सामने से आरोपी ने उसकी एक्टिवा चोरी की है। एवीटी टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी विशाल निवासी रामबाग रोड को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा संपत्ति जब्त की है।

### फार्म से जेवरात, नकदी मुर्गे-अन्य सामान चोरी

**जींद।** गांव ईगराह में मुर्गी फार्म के कमरे का बीती रात ताला तोड़ कर सोने के जेवरात, तीस हजार रुपये की नगदी, मुर्गे व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी सजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव ईगराह के निकट मुर्गी फार्म है। वहीं रहने के लिए कमरे बने हुए हैं। बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर सोने के जेवरात, तीस हजार की नकदी, 15 मुर्गे, एलसीडी को चोरी कर लिया।

### नि:शुल्क हृदय जांच शिविर शनिवार को

**जींद।** गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में नौ मई शनिवार सुबह नौ बजे सैनिकों और आमजन के लिए निशुल्क हृदय चेकअप एवं मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। अस्पताल की टीम ईसीजी, शुगर टेस्ट, बीपी, लैब टेस्ट एवं अन्य मेडिकल चेक अप की सुविधाएं प्रदान करेगी। ईसीएचएस, सीजीएचएस हरियाणा सरकार के पूर्व-वर्तमान कर्मचारी, आयुष्मान एवं अन्य स्कीमों के लाभार्थियों का हृदय संबंधी और अन्य किसी बिमारी का मुफ्त इलाज किया जाएगा। इसी के साथ पूर्व सैनिक कल्याण संगठन कौर कमेटी की मासिक सभा भी होगी।

### राजकीय कॉलेज में पुरानी पुस्तकों की प्रदर्शनी 11 से

**जींद।** पठन संस्कृति को बढ़ावा देने एवं ज्ञान के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से संत शिरोमणि श्री सेन भगत राजकीय महाविद्यालय जींद द्वारा 11 मई से पुरानी एवं बहुमूल्य पुस्तकों की प्रदर्शनी व 25 प्रतिशत मूल्य पर बिक्री का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 11 मई से 18 मई तक आयोजित होगी। प्रदर्शनी में साहित्य, इतिहास, विज्ञान, प्रतियोगी परीक्षा सहित विभिन्न विषयों की उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों का विस्तृत संग्रह आम जनता के अवलोकन एवं क्रय हेतु उपलब्ध रहेगा।

## शिक्षा बोर्ड का छठी से बारहवीं तक प्रयोगात्मक शिक्षा पर जोर

# सरकारी स्कूलों में प्रयोगशालाओं से बदल रही विज्ञान शिक्षा की तस्वीर

प्रयोगों के जरिए निपुण बन रहे विद्यार्थी,बोर्ड की समय सारणी के अनुसार नियमित करवाई जा रहीं गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में अब विज्ञान शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रह गई है। कक्षा छठी से बाहरवीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रयोगशाला आधारित शिक्षा को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने के बाद बच्चों की पढ़ाई का तरीका तेजी से बदल रहा है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से निर्धारित समय सारणी के अनुसार विद्यार्थियों को नियमित रूप से प्रयोगात्मक गतिविधियां करवाई जा रही है। इसका सकारात्मक असर विद्यार्थियों की समझ, परीक्षा परिणाम और विषय के प्रति रुचि में देखने को मिल रहा है। प्रदेश के कई स्कूलों में विद्यार्थियों को भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान से जुड़े प्रयोग स्वयं करवाए जा रहे है। शिक्षक बच्चों को उपकरणों और मॉडल्स के माध्यम से विषय को व्यवहारिक रूप में समझा रहे है। इससे विद्यार्थी कठिन अध्यायों को आसानी से समझ पा रहे है। खास बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में भी प्रयोगशालाओं के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रयोगशालाओं के निर्माण से प्रदेश के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा की प्राप्ति में आसानी होगी।



अंबाला। प्रयोगशाला में प्रयोग करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### मजबूत होगी विद्यार्थियों की नींव

शिक्षाविदों का कहना है कि केवल सैद्धांतिक पढ़ाई से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। शिक्षा विशेषज्ञ शशि भूषण का कहना है कि प्रयोगशाला आधारित शिक्षा बच्चों की तार्किक क्षमता और समस्या समाधान की सोच को मजबूत करती है। विज्ञान विषय को समझने के लिए प्रयोग सबसे प्रभावी माध्यम है। जब विद्यार्थी किसी सिद्धांत को अपनी आंखों के सामने होते हुए देखते है तो उसकी अवधारणा स्पष्ट हो जाती है। वर्तमान समय में प्रतियोगी परीक्षाओं और तकनीकी शिक्षा में व्यवहारिक ज्ञान की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में स्कूल स्तर पर प्रयोगशाला की मजबूत व्यवस्था विद्यार्थियों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

### विद्यार्थी खुद खोज रहे जवाब

विभाग का मानना है कि नई शिक्षा नीति के तहत व्यवहारिक शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रयोगशाला आधारित पढ़ाई विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रही है। पहले जहां कई विद्यार्थी विज्ञान विषय को कठिन मानते थे वहीं अब प्रयोगों के माध्यम से उनकी रुचि बढ़ रही है। शिक्षक भी बच्चों को समूह में गतिविधियां करवाकर सीखने का माहौल तैयार कर रहे है। अब विद्यार्थी खुद सवालों के जवाब खोज रहे है। उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में लैब एंव आधुनिक उपकरणों का होना जरूरी है।

### अब पढ़ाई बोझ नहीं बल्कि रुचिकर बन रही

अभिभावकों ने भी इस पहल को सराहनीय बताया है। उनका कहना है कि प्रयोगात्मक शिक्षा से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि रुचिकर गतिविधि के रूप में देखने लगे है। शिक्षा विभाग की यह पहल आने वाले समय में विद्यार्थियों को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा सकती है।

### प्रयोगों के बिना अधूरी है आधुनिक शिक्षा

राजकीय उच्च विद्यालय मंडोर के शिक्षक जसविंदर सिंह ने बताया कि विज्ञान विषय में प्रयोगों का विशेष महत्व होता है। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी स्वयं प्रयोग करते है तो उनके भीतर जिज्ञासा बढ़ती है और विषय लंबे समय तक याद रहता है। प्रयोगशाला में पढ़ाई करने से बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ता है और वे नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित होते है।

## अंग्रेजों के खिलाफ सबसे पहले अंबाला से हुआ था विद्रोहः डॉ चांद



अंबाला। गोष्ठी में अपने विचार रखते प्रोफेसर डॉ. चांद सिंह।

- 1857 की वर्षगांठ पर धरोहर संरक्षण मंच ने की गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने देश पर राजनैतिक अधिकार इसलिए किया ताकि भारत के आर्थिक संसाधनों का उपयोग ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को एक ठोस आधार प्रदान किया जा सके। मुगलकाल में व्यापार की आड़ में अंग्रेजों द्वारा आरंभ हुआ यह कार्य 1857 में अपने चरम पर आ गया। प्लासी, बक्सर इत्यादि युद्धों, मराठों सहित अन्य देसी राजाओं व शासकों से संधि, पेंशन और युद्ध के माध्यम से ब्रिटिशर्स धीरे-धीरे भारत के बड़े भूभाग पर अपना अधिकार करने में सफल हुए। 1857 की क्रांति की पृष्ठभूमि पर यह विचार डीएवी कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह द्वारा प्रस्तुत किए गए। साथ ही उन्होंने कहा कि 1857 ई. की क्रांति की धीमी-धीमी परंतु पवित्रतापूर्ण याद ने सम्भवत भारत में अंग्रेजी शासन को उससे भी बढकर क्षति पहुंचाई जितनी कि स्वयं विद्रोह ने पहुंचाई थी। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वर्षगांठ के संदर्भ में सेक्टर-7 के सामुदायिक भवन में आयोजित विचार गोष्ठी में विभिन्न विद्वानों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के आरंभ में लोगा द्वारा आंदोलन में शहीद हुए बलिदानियों को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। धरोहर संरक्षण मंच एवं जयतु भारतम्‌ द्वारा आयोजित इस विचार गोष्ठी में वर्ष 1857 में घटित हुई घटनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।उस समय की परिस्थितियों, अंग्रेज सरकार के भयंकर अत्याचार, महामारी और भुखमरी से होने वाली मौतें इत्यादि क्या-क्या कारण थे जिसने इस चिंगारी को हवा दी। कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय से इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मवीर गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने इस आंदोलन में इस प्रदेश से बलिदान देने वाले आम लोगों की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रदीप शर्मा स्नेही ने बताया कि अंबाला इस क्रांति का प्रमुख केंद्र था।अंग्रेज सरकार को भनक लगने के कारण अंबाला में मेरठ और दिल्ली जैसी सफलता नहीं मिल पाई। कार्यक्रम में डॉ नरेंद्र कौशिक, पंकज जैन, प्रेम अग्रवाल, शामलाल, विनोद गोयल, संजय बतरा, डॉ. राजेश फोर, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण मंदिर के स्थापना दिवस पर झूमे श्रद्धालु

- मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद मूर्तियां हो जाती है देवतूल्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्रीकृष्ण कृपा गीता मंदिर में स्थापना दिवस समारोह श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी लाइटों और धार्मिक झांकियों से सजाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भाग लेकर भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। इसमें दिल्ली से पधारे नितिन कथूरियां द्वारा गाए भजनों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। जब उन्होंने भजन "तेरे नाम वाली चढ़ गई खुमारी वृंदावन रैहण वालेया" गाया तो उपस्थित श्रद्धालुगण मस्ती में झूम उठे और वृंदावन धाम जैसा भक्तिमय माहौल बन गया। मंदिर के संस्थापक स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद वहां स्थापित मूर्तियां केवल पत्थर की प्रतिमाएं नहीं रहतीं, बल्कि वे देव तुल्य हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धा, विश्वास और विधि-विधान के साथ संपन्न प्राण प्रतिष्ठा से मंदिर में दिव्य ऊर्जा का संचार होता है और भक्तों को आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन, महान संस्कृति है। यह संस्कृति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता, सेवा, करुणा, सत्य और धर्म का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के अनेक देश भारतीय संस्कृति और योग को अपनाकर आध्यात्मिक शांति की ओर बढ़ रहे हैं।



अंबाला। श्रद्धालुओं को संबोधित करते स्वामी ज्ञानानंद महाराज।

## निकाय चुनाव वाले क्षेत्रों में 10 मई को रहेगा सवैतनिक अवकाश

- मताधिकार के प्रयोग के लिए सरकार ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हरियाणा सरकार ने निकाय चुनाव के मद्देनजर 10 मई रविवार को संबंधित क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। मानव संसाधन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार यह अवकाश उन कर्मचारियों को मिलेगा जो संबंधित नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिकाओं के मतदाता है ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार अंबाला, पंचकूला और सोनीपत नगर निगमों में मेयर व वार्ड सदस्यों के चुनाव होने है। रेवाड़ी नगर परिषद तथा सांपला, धारूहेड़ा और उकलाना नगर समितियों में भी चुनाव प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके अलावा कई निकायों में खाली वार्डों पर उपचुनाव भी कराए जाएंगे। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्ड, निगमों और शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत वे कर्मचारी जो इन क्षेत्रों के पंजीकृत मतदाता है उन्हें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-बी के तहत सवैतनिक अवकाश मिलेगा। सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

### निजी कर्मचारियों को भी मिलेगा लाभ

सरकार ने केवल सरकारी कर्मचारियों तक ही यह सुविधा सीमित नहीं रखी है। आदेश के अनुसार फैक्ट्री, दुकान और निजी प्रतिष्ठानों में कार्यरत ऐसे कर्मचारी भी सवैतनिक अवकाश के पात्र होंगे जो संबंधित निकाय क्षेत्रों के मतदाता है। इससे हजारों कर्मचारियों को मतदान करने में सुविधा मिलेगी।

## शिक्षकों को आधुनिक एवं नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के लिए किया प्रेरित




**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में मेधा फाउंडेशन व उच्चतर शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान एक्सपेरिमेंटल पेडागोगी एंड एआई इन क्लासरूम विषय पर तीन दिवसीय फेकल्टी डिवेलपमेंट प्रोग्राम शुरू हुआ। इस एफडीपी में 40 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रिंसिपल डॉ. देश राज बाजवा ने किया। उन्होंने शिक्षकों को आधुनिक एवं नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा वर्तमान शिक्षा प्रणाली में ए आई और अनुभवात्मक शिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के फेकल्टी डिवेलपमेंट कार्यक्रम शिक्षण गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पहले दिन डॉ. शब्दा बेदी, स्ट्रैटेजिक इनोवेशन पार्टनर, मेधा, डॉ. दीपा शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, उच्चतर शिक्षा विभाग, सजल मिश्रा, प्रोजेक्ट लीड, प्रोजेक्ट समर्थ तथा पंकज कोहली, प्रोजेक्ट मैनेजर, समर्थ ने अपने विचार सांझा करते हुए कक्षा शिक्षण में अनुभवात्मक शिक्षण एवं एआई आधारित उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से चर्चा की।

## नगर निगम चुनाव के लिए अंबाला शहर में मतदान केंद्रों की घोषणा

- वार्ड 4 के लिए गेस्ट हाउस मिल्क प्लांट में बनेगा मतदान केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

रिटर्निंग ऑफिसर विराट ने बताया कि वार्ड नंबर 1 के लिए राजकीय माध्यमिक विद्यालय डडियाना, राजकीय उच्च विद्यालय मानकपुर, राजकीय प्राथमिक पाठशाला लौहगढ, राजकीय माध्यमिक विद्यालय डंगडेहरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घेल कलां, राजकीय माध्यमिक विद्यालय देवीनगर में मतदान केंद्र बनाया गया है। वार्ड नंबर 2 के लिए राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सद्दोपुर, राजकीय माध्यमिक विद्यालय काकरू, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर तथा राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला जडौत रोड सुल्तानुपर में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसी प्रकार वार्ड नंबर 7 के लिए सोहन लाल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए।

### वार्ड 3 के लिए यूएचबीवीएन कार्यालय में मतदान केंद्र

वार्ड नंबर 3 के लिए एसई (ऑप्रेशन यूएचबीवीएन कार्यालय धूलकोट ), शिकायत ब्रांच यूएचबीवीएन कार्यालय नारायणगढ़ रोड, कम्यूनिटी सेंटर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मतदान केंद्र बनाया गया है। वार्ड नंबर 4 के लिए गेस्ट हाउस मिल्क प्लांट , राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर कैंप, राजकीय प्राथमिक पाठशाला बलदेव नगर, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर व वार्ड नंबर 5 के लिए कम्यूनिटी सेंटर जग्गी कॉलोनी फेस-2 , गेस्ट हाउस मिल्क प्लांट, सैनी उच्च विद्यालय स्पाटू रोड , श्री गीतानंद पब्लिक स्कूल बंसत विहार, एम भारती मिडिल स्कूल गीता नगरी में मतदान केंद्र बनाया गया है। वार्ड नंबर 6 के लिए गेस्ट हाउस मिल्क प्लांट, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन , डीएवी कॉलेज , एमडीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल , सोहन लाल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतदान केंद्र बनाया गया है।

## शैमफोड स्कूल में रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता में पाणिनी हाउस ने मारी बाजी, सम्मानित




**बराड़ा।** शैमफोड स्कूल में विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता, तार्किक सोच एवं आत्मविश्वास को निखारने के उद्देश्य से एक शानदार वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मॉडर्न वैल्यू एंड ट्रेडिशनल वैल्यू विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों पाणिनी हाउस, आर्यभट्ट हाउस, चरक हाउस एवं सुश्रुत हाउस के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक एवं पारंपरिक मूल्यों के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रभावशाली अंदाज में प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने मजबूत तर्कों, प्रेरणादायक उदाहरणों और प्रभावशाली भाषण शैली से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से यह संदेश दिया कि आधुनिकता और परंपरा का संतुलन ही समाज को सही दिशा प्रदान करता है। चारों सदनों के बीच हुई इस रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता में पाणिनी हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुश्रुत हाउस द्वितीय एवं आर्यभट्ट हाउस तृतीय स्थान पर रहा।

### चुनाव को लेकर ईवीएम मशीनों की रेंडमाइजेशन पूरी

**अंबाला।** नगर निगम चुनाव को लेकर उपायुक्त कार्यालय में सामान्य पर्यवेक्षक एवं मंडल आयुक्त संजीव वर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर व रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट की अध्यक्षता में ईवीएम मशीनों की बीयू व सीयू की रेंडामाइजेशन की गई। तमाम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। इस प्रक्रिया के दौरान नगर निगम चुनाव में खड़े प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत 191 बूथ बनाए गए हैं। चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए एनआईसी द्वारा स्थापित सोफ्टवेयर के माध्यम से बीयू व सीयू की रेंडामाइजेशन की गई है। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रेंडामाइजेशन उपरांत कॉपियों पर साइन करवाकर उन्हें उपलब्ध करवाई गई हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### भारतम मिशन में किया जा रहा पांडुलिपि अभिलेखों को संरक्षित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सरकार द्वारा ज्ञान भारतम मिशन के तहत प्राचीन ऐतिहासिक धार्मिक एवं किसी भी प्रकार की प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों, अभिलेखों को लेकर सर्वे करवाया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्राचीन पांडुलिपि विरासत का संरक्षण और दस्तावेजीकरण करना है। आमजन से अपील है कि किसी के पास कोई 75 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपि या अभिलेख हो तो उसकी सूचना प्रशासन को दें ताकि उन्हें संरक्षित किया जा सके। डीसी इमरान रजा ने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों के पास पांडुलिपियां या अभिलेख हैं वे उन्हीं के पास सुरक्षित रहेंगे।

## मतदाताओं की सुविधा के लिए वालंटियर भी किए जाएंगे तैनात

# दिव्यांगों के लिए हर पोलिंग बूथ पर रहेगी व्हीलचेयर

सेक्टर-9 स्थित ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल में बनाया गया मतगणना केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने नगर निगम आम चुनाव को लेकर नोडल अधिकारियों से चुनाव की तैयारियों को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत चुनाव का सफलता पूर्वक आयोजन करवाना हैं। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि नगर निगम आम चुनाव के दृष्टिगत सेक्टर-9 स्थित ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल में स्ट्रांग रूम के साथ-साथ मतगणना केंद्र भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दृष्टिगत 191 मतदान केंद्र बनाए गए है जिनमें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। दस मई को प्रातः 8 बजे मतदान शुरू हो जाएगा जोकि सांय 6 बजे होगा। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों व अन्य को बारीकी से प्रशिक्षण भी दिलवाया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के भी प्रबंध रहेंगे। एडीसी विराट ने यह भी बताया कि मतदान केंद्रों पर वालंटियरों की व्यवस्था के साथ-साथ व्हील चेयर की भी व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी।



अंबाला। चुनाव की तैयारियों पर अधिकारियों से बातचीत करते एडीसी विराट।

### ये रहे मौजूद

बैठक में एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, आरटीए सुशील कुमार, डीआरओ राजेश ख्यालिया, डीएसपी विजय कुमार, जिला खजाना अधिकारी सुनीता गोस्वामी, कार्यकारी अभियंता कर्णवीर, कार्यकारी अभियंता ओमदत्त, कार्यकारी अभियंता कैलाश, डीएफएससी निशांत राठी, रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विजय लक्ष्मी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक, एलडीएम, डॉ. विपिन मौजूद रहे।